कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) सतपुड़ा भवन, भोपाल

–0–

क्रमांक/एफ–10/बजट/213/589 भोपाल, दिनांक 9/2/12

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव
   वन/वित्त/योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी/लोक निर्माण/जल संसाधन/
   पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, म.प्र.
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, म.प्र.
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी)
4. प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ, भोपाल
5. सचिव, वन विभाग
6. मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय,
   केंद्रीय भवन, रविशंकर नगर, भोपाल
7. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास)
8. अशासकीय संगठन, **समर्थन**, सेंटर फॉर डेवलपमेंट सर्पोट,
   36 ग्रीन ऐवेन्यू, चूना भट्टी, कोलार रोड, भोपाल, 462016
9. अशासकीय संगठन, **प्रदान**, श्री रविन्द्र नाथ, भोपाल ब्रांच,
   मकान नंबर बी–30/ए सहयोग परिसर, ई–8 अरेरा कॉलोनी, भोपाल

विषयः– **प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, म.प्र. की राज्य स्तरीय संचालन समिति की दिनांक 14.12.2011 को आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण।**

संदर्भः– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/एफ–10/बजट/213/3510 दिनांक 13.12.2011

–0–

उपरोक्त विषय में मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 14.12.2011 के अनुमोदित कार्यवाही विवरण की प्रति संलग्न प्रेषित है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(नरेन्द्र कुमार)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्य प्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक/एफ–10/बजट/213/590 भोपाल, दिनांक 9/2/12

प्रतिलिपिः– निज सहायक, मुख्य सचिव, म.प्र. मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर कार्यवाही विवरण की प्रति संलग्न प्रेषित है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्य प्रदेश, भोपाल

D:\DATA-09\Budjet\BUDGET (F-10).doc

विषयः—मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की तृतीय बैठक दिनांक 14.12.2011 का कार्यवाही विवरण।

—0—

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की तृतीय बैठक दिनांक 14.12.2011 सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची (परिशिष्ट—1) संलग्न है।

2. राज्य स्तरीय संचालन समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 28.01.2011 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

राज्य स्तरीय संचालन समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 28.01.2011 के कार्यवाही विवरण का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

3. राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक दिनांक 28.01.2011 में लिये गये निर्णय का पालन प्रतिवेदन।

द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णय के पालन में बिन्दुवार की गई कार्यवाही प्रतिवेदन से समिति अवगत हुई।

4. बैठक में रखे गये एजेण्डा में एजेण्डावार चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिए गए :—

**एजेण्डा बिन्दु 1— वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में प्राकृतिक पुनरूत्पादन को बढ़ावा देने हेतु खरपतवार एवं लेंटाना मोपिंग हेतु रू. 15.05 लाख राशि का आवंटन**

समिति द्वारा विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि वन विहार को आयोजना/विकास निधि/सी.जेड.ए. इत्यादि विभिन्न मदों में प्राप्त होने वाली राशियों के परिप्रेक्ष्य में यदि कैम्पा निधि से प्रस्तावित कार्य हेतु अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हो तो उसकी स्वीकृति अपर मुख्य सचिव वन द्वारा दी जा सकेगी।

एजेण्डा बिन्दु —2 औबेदुल्लागंज वनमंडल में कैम्पा मद में जमा एन.पी.व्ही. की राशि से वन सुरक्षा एवं वन संरक्षण कार्य कराये जाने हेतु रू. 15.50 लाख का प्रस्ताव।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित कार्य हेतु प्रथमतः नरेगा से राशि प्राप्त करने का प्रयास किया जावे। नरेगा से राशि प्राप्त न होने की स्थिति में कैम्पा निधि से स्वीकृति अपर मुख्य सचिव वन द्वारा दी जा सकेगी।

## एजेण्डा बिन्दु–3– कार्यकारिणी समिति के क्रियाकलापों एवं प्रक्रिया बाबत्

समिति द्वारा विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि स्टेट कैम्पा में जमा राशि से प्रस्ताव में उल्लेखित कार्यों यथा लेखा तैयार करने हेतु संविदा पर विशेषज्ञ रखने, कम्प्यूटर एवं उससे संबद्ध सामग्री क्रय करने, वन भूमि व्यपवर्तन के महत्वपूर्ण प्रकरणों में विभाग का अभिमत देने से पूर्व विशेषज्ञों/संस्थानों से जैव विविधता/रहवास विखण्डन बाबत् तात्कालिक अध्ययन कराने हेतु शुल्क के भुगतान, आकस्मिक प्रकृति के कार्य यथा व्यपवर्तित वन क्षेत्र प्रयोक्ता को हस्तांतरित करने से पूर्व प्रभावित वृक्षों के विदोहन, मज़दूरी दर में वृद्धि के फलस्वरूप प्रयोक्ता से प्राप्त अंतर की राशि को व्यय करने की अनुमति, वन्य प्राणी प्रबंधन हेतु weed removal जैसे तात्कालिक आवश्यकता के कार्यों हेतु प्रत्येक प्रकरण में रू. 5.00 लाख तक की स्वीकृति एवं एक वित्तीय वर्ष में रू. 50.00 लाख तक की कुल स्वीकृति के अधिकार कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष को दिये जावें। आकस्मिक कार्यों के लिए दी गई उक्त स्वीकृतियों का संचालन समिति से कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किया जावेगा।

## एजेण्डा बिन्दु–4– लघु वनोपज संघ द्वारा दिसम्बर 2011 में अंतर्राष्ट्रीय हर्बल मेला एवं अकाष्ठीय वनोपज पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

समिति द्वारा विचारोपरान्त अकाष्ठीय वनोपज पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन हेतु स्टेट कैम्पा निधि से रू. 25.00 लाख प्रदाय करने का प्रस्ताव अमान्य किया गया। चूंकि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महत्वपूर्ण है अतः इसके लिये प्रस्ताव में चाही गई राशि राज्य शासन से बजट में प्राप्त की जावे।

## एजेण्डा बिन्दु–5– ओरछा नेचर रिजर्व (अभ्यारण्य) का विकास

समिति द्वारा विचारोपरान्त ओरछा अभ्यारण्य के विकास हेतु सीमा पर पत्थर दीवार निर्माण एवं व्याख्या केन्द्र की स्थापना तथा लैण्डस्केप सुधार हेतु रू. 230.00 लाख स्टेट कैम्पा निधि से दिये जाने के प्रस्ताव का इस शर्त के साथ अनुमोदन किया गया कि प्रथमतः इसके लिये नरेगा से राशि प्राप्त करने का प्रयास किया जावे। नरेगा से राशि प्राप्त न होने पर कैम्पा निधि से राशि अपर मुख्य सचिव वन के अनुमोदन से प्रदाय की जावे।

बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्य प्रदेश, भोपाल

परिशिष्ट 1

मानीय मुख्य सचिव मध्य प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय स्टेट कैम्पा की संचालन समिति की बैठक दिनांक 14.12.2011 में उपस्थित अधिकारियों/सदस्यों की सूची

| अ.क्र. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री स्वदीप सिंह | अपर मुख्य सचिव, वन विभाग |
| 2 | श्री के.के. सिंह | प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग |
| 3 | श्री आर.एस.जुलानिया | प्रमुख सचिव, जल संसाधन |
| 4 | श्री रमेश के. दवे | प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्य प्रदेश |
| 5 | श्री नरेन्द्र कुमार | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबन्ध), मध्य प्रदेश |
| 6 | श्री जितेन्द्र अग्रवाल | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), मध्य प्रदेश |
| 7 | श्री धर्मेन्द्र शुक्ला | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), मध्य प्रदेश |
| 8 | श्री पंकज अग्रवाल | सचिव, वित्त विभाग |
| 9 | श्री एस.एन.मिश्रा | सचिव, वित विभाग |
| 10 | श्री चन्द्रप्रकाश अग्रवाल | सलाहकार, राज्य योजना आयोग |
| 11 | श्री सुजाय बैनर्जी | उप वन संरक्षक (केन्द्रीय) भारत सरकार, भोपाल |
| 12 | श्री योगेश कुमार | निदेशक, समर्थन (एन. जी. ओ.) भोपाल |